पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 09 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 25.07.2024

दिनांक 24/25.07.2024 को थाना सरोजनीनगर 01, गाजीपुर 03, गुड़म्बा 01, कृष्णानगर 02, पारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 09 अभियुक्त गिरफ्तार।

बी0एन0एस0

थाना बीबीडी- दिनांक 25.07.2024 को थाना बीबीडी द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती अंकिता गुप्ता पत्नी आशुतोष गुप्ता निवासी मकान नं0- 04 नियर एमिटी यूनिवर्सिटी हासेमऊ थाना बीबीडी लखनऊ ने थाना बीबीडी पर सूचना दिया कि दिनांक 15/07/24 और 16/07/24 को वादिनी के मोबाइल पर वाट्सअप पर ऑमेजन बेनिफिट ग्रूप से मैसेज आया जिसमें वादिनी से एक टॉस्क करने को कहा गया। टॉस्क के दौरान जब वादिनी टॉस्क-6 पर पहुँची उन्होनें वादिनी से 1000/-रू0 लगाने को कहा जिस पर उन्होनें वादिनी को 1650/-रू0 दिया, फिर टॉस्क-9 पर उन्होने वादिनी को लगभग 8100/-रू0 वापस किया। फिर टॉस्क-12 पर उन्होनें वादिनी को 5000/-रू0 फिर 20000/-रू0 और फिर 60000/-रू0 लगाने को कहा और जब पैसा देने था तो उन्होने कहा कि टॉस्क मे गडबडी है और पैसा वापस नही हो पायेगा वादिनी की सारा पैसा 92000/-रू0 गूगल-पे से गया है। केनरा बैंक, एसबीआई बैंक और ICICI के खाते से गया है। **इस सूचना पर थाना बीबीडी पर मु0अ0सं0- 118/2024 धारा 66डी आईटी एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना गोसाईगंज- दिनांक 25.07.2024 को थाना गोसाईगंज द्वारा बताया गया कि वादी श्री कुलदीप वर्मा पुत्र श्री राम कुमार निवासी ग्राम इचवलिया, थाना गोसाईगंज लखनऊ ने थाना गोसाईगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 15.07.2024 को रात करीब 07.00 बजे वादी के पिता राम कुमार उम्र करीब 60 वर्ष जो साईकिल से ग्राम कपेरा मदारपुर, कोतवाली गोसाईगंज, लखनऊ से खाद लेकर वापस आ रहे थे, कि रास्ते में सर्विस रोड ग्राम गंगाखेड़ा मजरा महुरा कला गोसाईगंज, लखनऊ पहुंचे थे कि पीछे से आ रहा टैक्टर रजिस्ट्रेशन नं0 UP32 MS 3689 मय ट्राली ईट लदी हुई का चालक नाम पता अज्ञात के द्वारा तेजी व लापरवाहीपूर्वक टैक्टर चलाते हुए वादी के पिता जी कि साईकिल में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वादी के पिता वही पर गिर गये वादी व वादी के परिवार को पता चला तो वादी व परिवार के लोग वहां पर पहुंचे,तो पिता जी गम्भीर हालत में वही पड़े थे तथा टैक्टर ट्राली भी मौके पर थी तथा चालक मौके से भाग गया था। वादी व वादी के परिवार के लोगों द्वारा वादी के पिता जी को इलाज हेतु ट्रामा सेण्टर लखनऊ में भर्ती कराया गया। जहां पर दौराने इलाज वादी के पिता राम कुमार उपरोक्त की दिनांक 19.07.2024 को अस्पताल में मृत्यु हो गई। **इस सूचना पर थाना गोसाईगंज पर मु0अ0सं0- 286/2024 धारा 281/106 बी0एन0एस0 पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना गोमतीनगर- दिनांक 25.07.2024 को थाना गोमतीनगर द्वारा बताया गया कि वादिनी मनीषा कुशवाहा पुत्री श्री सुभाष कुशवाहा 2/153 विजय खण्ड गोमतीनगर लखनऊ ने थाना गोमतीनगर पर सूचना दिया कि वादिनी सेन्ट जोसेफ अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत हैं। वादिनी दिनांक 24/07/2024 को समय करीब 02.00 बजे ड्यूटी पर थी तो वादिनी ने अपना बैग ड्यूटी रूम में रखा था, जिसमें वादिनी का यूनियन बैंक का डेबिट कार्ड था। किसी ने वादिनी के यूनियन बैंक के कार्ड को वादिनी के बैग से चुरा लिया और वादिनी के बैंक गोमती नगर 2/9A, Vijay khand, Lucknow खाता से वादिनी के 24,000/- रू निकाल लिये। वादिनी ने बैंक मे शिकायत करके खाता ब्लाक कर दिया। **इस सूचना पर थाना गोमतीनगर पर मु0अ0सं0- 333/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

<u>थाना इंदिरानगर</u>– दिनांक 25.07.2024 को थाना इंदिरानगर द्वारा बताया गया कि डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल से एक किता मेमो इस आशय से थाना स्थानीय पर भेजा गया कि दिनांक 24/25.07.2024 की रात्रि समय 01.40 बजे एक महिला लाली उम्र करीब 25 वर्ष पत्नी लवकुश निवासी विनय बिहार थाना इंदिरानगर लखनऊ को इस अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया। **इस सूचना पर उ0नि0 श्री विनय कुमार मिश्रा मो0नं0 8840903974 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 24/25.07.2024 की रात्रि में लाली उम्र करीब 25 वर्ष पत्नी लवकुश निवासी विनय बिहार थाना इंदिरानगर लखनऊ, मूलपता मानपुर मजरा थाना सदर जनपद सीतापुर द्वारा घर में टीनशेड में लगे लोहे के एंगल में दुपट्टे का फन्दा बनाकर फाँसी लगा लिया, जिसे परिजनों द्वारा इलाज हेतु राममनोहर लोहिया अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा लाली उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया गया। मृतका के 06 वर्षीय पुत्री व 04 वर्षीय पुत्र है। मृतका के पति मजदूरी करते है।